दिनांक : 21/05/2126 समय :7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- भारत और इटली के बीच कृषि, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने कई समझौतों पर हस्ताक्षर।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इटली में प्रतिष्ठित एग्रीकोला मेडल से सम्मानित किया गया।
- राज्य सरकार ने नई तबादला नीति को दी मंजूरी। एक जून से होंगे तबादले।
- प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी अब 28 मई तक होगी।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-इटली दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पांच देशों की आधिकारिक यात्रा के अंतिम चरण में इटली दौरा पूरा कर नई दिल्ली लौट आए हैं। भारत और इटली ने कृषि, अहम खनिजों, आयुर्वेद, विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी, समुद्री परिवहन और बंदरगाहों के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिये कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। भारतीय नर्सों के इटली आने-जाने को आसान बनाने के लिए भी एक समझौता किया गया, जिससे कुशल स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए नए अवसर खुलेंगे। भारत और इटली ने टैक्स से जुड़े अपराधों, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के लिए पैसे जुटाने के खिलाफ तालमेल को मजबूत करने पर भी सहमति व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत के बाद, संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 दोनों देशों के बीच सहयोग के लिए एक व्यावहारिक और भविष्योन्मुखी रोडमैप देगी। श्री मोदी ने यह भी बताया कि भारत-इटली रक्षा औद्योगिक रोडमैप ने रक्षा क्षेत्र में मिलकर विकास करने और मिलकर उत्पादन करने के नए रास्ते खोल दिए हैं।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि विशेष रणनीतिक साझेदारी भारत और इटली के रिश्तों की बढ़ती गहराई को दिखाती है, जो आपसी भरोसे और साझा मूल्यों पर आधारित है।

भारत-इटली-2027

भारत और इटली 2027 को संस्कृति और पर्यटन वर्ष के रूप में मनाएंगे। इसका उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जा सके और दोनों प्राचीन सभ्यताओं के बीच संवाद को मजबूत करना हैं।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि इस पहल से दोनों देशों के बीच आपसी समझ को गहरा करने और सांस्कृतिक कूटनीति को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि देशों के रिश्ते केवल राजनीतिक और अर्थव्यवस्था से नहीं बल्कि लोगों और समाजों आपसी जुड़ाव से भी मजबूत होते हैं। सुश्री मेलोनी कल रोम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत और इटली भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे को और विकसित करने की दिशा में भी मिलकर काम करेंगे।

प्रधानमंत्री-सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली के रोम में स्थित खाद्य और कृषि संगठन-एफ.ए.ओ के मुख्यालय में प्रतिष्ठित एग्रीकोला मेडल से सम्मानित किया गया। उन्होंने पुरस्कार ग्रहण करते हुए, इस सम्मान को भारत के लाखों किसानों, पशुपालकों, मछली पालकों, कृषि वैज्ञानिकों और श्रमिकों को समर्पित किया। श्री मोदी को यह मेडल एफ.ए.ओ के महानिदेशक क्यू डोंग्यू ने प्रदान किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पुरस्कार खाद्य सुरक्षा, सतत विकास और मानव कल्याण के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

ब्रिक्स युवा परिषद - बैठक

इंदौर में ब्रिक्स युवा परिषद उद्यमिता कार्य समूह की दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिक्स देशों की जनसांख्यिकीय ताकत उन्हें कामकाज के भविष्य को आकार देने का अवसर देती है। हमारे ब्रिक्स देश मिलकर दुनिया की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने कौशल विकास, डिजिटल समावेशन और उद्यम-आधारित विकास पर केंद्रित प्रयासों के माध्यम से सम्मानजनक रोजगार के अवसरों का विस्तार करने और दुनिया के सबसे जीवंत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक का निर्माण करने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

कैबिनेट बैठक- मुख्यमंत्री

राज्य सरकार ने नई तबादला नीति-2026 को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत 1 जून से 15 जून के बीच तबादले किए जा सकेंगे। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के तबादले प्रभारी मंत्री की मंजूरी से होंगे, जबकि प्रथम श्रेणी अधिकारियों के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति जरूरी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 30 हजार 55 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां दी गईं। बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों की पेंशन के लिए 15 हजार 184 करोड़ और किसानों की फसल बीमा योजना के लिए 11 हजार 608 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

मध्य क्षेत्रीय परिषद-बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 27वीं बैठक अगल वर्ष उज्जैन में होगी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 19 मई को बस्तर में परिषद् की 26वीं बैठक में इस आशय की सहमति दे दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक लेने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारी को लेकर हो रही व्यापक नागरिक व्यवस्थाओं, मानव प्रबन्धन एवं आपदा प्रबंधन का भी मुआयना करेंगे।

गेहूं उपार्जन- मुख्यमंत्री

समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिन किसानों के स्लॉट 23 मई तक बुक हो चुके हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। अब सरकार उनका गेहूं 28 मई तक खरीदेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बात की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश सरकार के प्रयास से इस साल 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन होगा। इससे किसानों को बड़ा फायदा पहुंचेगा।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, कोलकाता नाइट राइडर्स ने कल अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हरा दिया। आज के मैच में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने कल ग्वालियर में आदर्श गौशाला लालटिपारा के बायो गैस प्लांट का जायजा लिया।
- खण्डवा के खालवा विकासखंड के ग्राम रोशनी में कल जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने एक करोड़ 36 लाख रुपये लागत के इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर का लोकार्पण किया।
- आगरमालवा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही किसानों के लिए 30 जून तक बायोमेट्रिक ई-केवाईसी अभियान संचालित किया जा रहा है।

- झाबुआ कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं, आगामी प्रस्तावों और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा बैठक ली।
- मंडला में जिला पंचायत द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।
- निवाड़ी कलेक्टर जमुना भिड़े ने अधिकारियों से कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का विभाग द्वारा पंचायतों में प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। योजना के तहत हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर पात्र हितग्राहियों लाभ दिलाएं।
- खरगोन जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 26 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।
- मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं प्रधान जिला न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में दत्तक शिशु गृह शाजापुर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

-------------